प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पहले चरण का किया उद्‌घाटन : कहा– उत्तर प्रदेश की प्रगति का प्रतीक बनेगा यह एयरपोर्ट।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– नोएडा एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक ले जाने का बनेगा आधार।
3. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।

और

4. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस मुख्य परीक्षा–2025 कल से एक अप्रैल तक प्रयागराज और लखनऊ के 27 केन्द्रों पर होगी आयोजित।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्‌घाटन किया। उन्होंने 40 एकड़ में फैले रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण सुविधा केंद्र की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय

है। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की प्रगति का प्रतीक बनेगा। बाइट.....

*यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे ही साथ ही एक विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा। मैं उत्तर प्रदेश को विशेष रूप से पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता को इस भव्य एयरपोर्ट के लिए बहुत–बहुत बधाई देता हूं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब भारत में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाले राज्यों में से एक के रूप में उभरा है। बाइट.....

*नोएडा का यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद इस पूरे क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। ये एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों, यहां के नौजवानों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आने वाला है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण कई देशों में भोजन, पेट्रोल–डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं को कमी हो रही है। उन्होंने कहा कि हर देश इस संकट से निपटने के प्रयास कर रहा है। बाइट.....

*भारत को बहुत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस ये जहां युद्ध चल रहा है ना इस युद्ध से प्रभावित इलाके से मंगवाता है, इसलिए सरकार हर वो कदम उठा रही है जिससे सामान्य परिवारों पर, हमारे किसान भाई बहनों पर इस संकट का बोझ न पडे।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के उज्जवल भविष्य का लांच पैड भी बनेगा। बाइट.....

*इसका रनवे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक ले जाने का आधार बनेगा। जहां एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के उज्जवल भविष्य का लांच पैड भी बनेगा। जो उत्तर भारत के निवेश, व्यापार और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार का सृजन भी करेगा।*

केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि यहां पर उत्तर प्रदेश की शान और पहचान का अनुभव मिलेगा। बाइट.....

*जब आप यहां आएंगे तो उत्तर प्रदेश की शान और पहचान का अनुभव यहां पर होगा। यह हमारे प्रधानमंत्री जी का सोच है, विकास भी और विरासत भी और इतना ही नहीं प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जेवर एयरपोर्ट केवल एयरपोर्ट की तरह ही नहीं बल्कि एक ऐरो ट्रोपलिस्ट की तरह विकसित होने जा रहा है।*

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाइ अड्डा परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में इस हवाई अड्डे की यात्री संचालन क्षमता प्रति वर्ष एक करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी, और पूर्ण विकास होने पर इसे प्रति वर्ष 7 करोड़ यात्रियों तक बढ़ाया जा सकेगा।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की

132वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

—————————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कानपुर के चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय में चल रहे एमएसएमई एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव का निरीक्षण किया, उनके साथ प्रदश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। इस दौरान श्री कोविंद ने वहां लगी गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं तथा उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए इसे उद्यमिता का प्रथम चरण बताते हुए प्रदर्शनी की तारीफ की। बाइट.....

*जो हमारे नव युवा उनको उत्तर प्रदेश सरकार से मदद मिल रही है। केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत मदद मिल रही है और मुझे अच्छा लगा कि कानपुर रीजन का एक प्रदर्शनी है और इसको आगे भी हमारे जो बच्चे हैं, नौजवान हैं, उनको रोजगार की जरूरत है और रोजगार यही से सृजन होगा।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से कल 29 मार्च से एक अप्रैल तक होने जा रही सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा– पीसीएस मुख्य परीक्षा– 2025 में प्रयागराज और लखनऊ के 27 केंद्रों पर 11 हजार 403 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.00 से दोपहर 12.00 बजे तक और ढाई बजे से साढ़े पांच बजे तक कराई जायेगी। एक रिपोर्ट.......

*प्रयागराज के 12 केंद्रों पर 4 हजार 757 और लखनऊ में 15 केंद्रों पर 6 हजार 646 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी केंद्रों पर सह केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य निरीक्षक और सहयोगी निरीक्षकों की तैनाती कर दी गई है, साथ ही जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा और परीक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पहुंचने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की सलाह दी गई है। प्रवीण कुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

———————

आगामी जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण और मकानों के गणना कार्य के लिए आज जनगणना कार्य निदेशालय, लखनऊ में एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन राजस्व परिषद की आयुक्त एवं सचिव कंचन वर्मा और निदेशक जनगणना शीतल वर्मा ने किया। इस अवसर पर श्रीमती कंचन वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना 22 मई से 20 जून 2026 तक की जायेगी।

——————————

प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री के0 पी0 मलिक ने आज अमरोहा में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अन्तर्गत संयुक्त चिकित्सालय बछरायूँ के स्वीकृत 50 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन का गहन निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री मलिक ने विशेष रूप से फायर फाइटिंग सिस्टम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

——————————

सुलतानपुर जनपद की एमपी–एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में आज सुनवाई हुई। इस दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने

राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेने की मांग की। अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तिथि तय हुई है।

———————

आईपीएल क्रिकेट का 19वां संस्करण आज से बेंगलुरु में शुरू हो रहा है। उद्घाटन मैच चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। यह टूर्नामेंट 31 मई तक चलेगा।

———————

प्रदेश में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव आने की संभावना है। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रविवार से अगले दो दिनों तक कहीं–कहीं पर गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सोमवार से अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

(समाप्त)